महत्वपूर्ण एवं खास

ऑनलाईन सट्टा संचालन,9 गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। ऑनलाइन सट्टेबाजों के खिलाफ कार्रवाई में दुर्ग पुलिस ने भिलाई के ऑनलाइन सट्टे खिलाने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तथा इनके पास से 2 नग लैपटाप, 15 मोबाइल, एटीएम कार्ड, पासबुक जब्त सहित अन्य कई सामान जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई थाना पुलिस को लंबे समय से थानाक्षेत्र में सट्टा का अवैध कारोबार किये जाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर एंडी क्राईम, सायबर यूनिट, भिलाई थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सट्टेबाजों के ठिकाने पर दबिश देकर 9 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि नागपुर से सट्टेबाजी के तार जुड़े हुए हैं और कई राज्यों से भी सट्टेबाजों का कनेक्शन है। फिलहाल पुलिस सट्टेबाजों का इंटर स्टेट कनेक्शन खंगालने में लगी हुई है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

छत्तीसगढ़ में टमाटर चोरी, सब्जी व्यवसायी पहुंचा थाने

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में टमाटर चोरी का मामला आया है, जहां एसईसीएल के झोपड़ीपारा निवासी सब्जी व्यवसायी कैलाश टंडन के एक पेटी टमाटर को अज्ञात लोगों ने पार कर दिया। कैलाश ने बताया कि टमाटर बेचने के लिए उसने पांच पेटी टमाटर खरीदे थे। रात तक उसके घर पर टमाटर की पांचों पेटियां थी, लेकिन सुबह देखने पर एक पेटी की चोरी हो चुकी थी। कैलाश ने टमाटर चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। सब्जी विक्रेता कैलाश का कहना है कि किसी जानकार व्यक्ति ने ही उसके घर से टमाटर की चोरी की होगी। इससे पहले भी इस तरह की घटना उसके साथ घट चुकी है, लेकिन उसने पुलिस से शिकायत नहीं की थी।

स्नातक विवाहित महिलाओं के लिए जॉब फेयर 19 से 21 को होगा आयोजित

रायपुर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार विवाहित महिलाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19, 20 एवं 21 जुलाई को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित है। इस प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक रिलायंस निप्पोन लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड रायपुर द्वारा लाईफ प्लानिंग ऑफिसर के 15 पदों पर 30 वर्ष तक की विवाहित एवं स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं की भर्ती 12 हजार 500 से 25 हजार रूपये वेतन प्रतिमाह होगा। जॉब फेयर में राज्य सरकार की बेरोजगारी भत्ता हितग्राहियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए 30 वर्ष की विवाहित महिलाएं इच्छुक एवं योग्य निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पर उपस्थित होकर साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है।

शिक्षित बेरोजगारों के लिए जॉब फेयर का आयोजन 18 को

रायपुर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 18 जुलाई को जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालाय में प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से द्वारा भर्ती की जाएगी। कैम्प में 10वीं से स्नातक, (एग्रीकल्चर/विज्ञान) आई.टी.आई. कोपा उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यार्थियों की भर्ती होगी। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भर्ती किए जाने वाले पदों में ड्रोन पायलट, डिस्ट्रिक मैनेजर, डाटाइंटी ऑपरेटर, फिल्ड सुपरवाइजर और फिल्ड सेल्स एक्सीक्यूटिव इत्यादि 147 से अधिक पद शामिल है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की हुई बैठक

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले की अध्यक्षता में आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राज्य स्तरीय स्वीप कोर समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) गतिविधियों के बेहतर संचालन एवं क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। प्रदेश में 2 अगस्त 2023 से प्रारंभ हो रहे निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने हेतु आवश्यक गतिविधियों के आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता तथा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर कियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की आज आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने सभी विभागों को इसमें सहयोग करने और इन्हें विस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा इस संबंध में विभिन्न मीडिया माध्यमों में संचालित किए जाने वाले अभियानों के बारे में भी जानकारी दी।

श्रीमती कंगाले ने बैठक में बताया कि निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कर 2 अगस्त 2023 से नए मतदाताओं को जोडऩे का सघन अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान युवा मतदाताओं को जोडऩे के लिए सभी महाविद्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किए जाएंगे। ऐसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें भी प्राथमिकता से जोड़ा जाएगा। 12 अगस्त और 13 अगस्त तथा 18 अगस्त और 19 अगस्त को सभी जिलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सभी मतदान केंद्रों में स्थानीय बीएलओ मौजूद रहेंगे।

बैठक में कंगाले ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा नए मतदाताओं को जोडऩे के लिए नवविवाहिता सम्मान कार्यक्रम और वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। आगामी अगस्त महीने में श्रमिकों को जोडऩे के लिए श्रमिक सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भी विशेष आयोजन किए जाएंगे।

श्रीमती कंगाले ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने तथा महाविद्यालय एवं हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने उन्हें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय का भ्रमण कराया जाएगा। कॉलेजों में रंगोली, वाद-विवाद, नारा लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं को इसके बारे में जागरूक किया जाएगा। आगामी 20 अगस्त को ग्राम पंचायतों में होने वाले ग्रामसभा, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों, सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन्स तथा योगा क्लबों के माध्यम से भी मतदाताओं को मतदान करने और निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने विषयक संकल्प पत्र का वाचन कराया जाएगा।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिपिन मांझी, पंचायत विभाग के संचालक कार्तिकेय गोयल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (स्वीप) डॉ. के.आर.आर. सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व टोप्पो और सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल सहित स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जनसंपर्क विभाग, पीआईबी, राष्ट्रीय सेवा योजना, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, भारत स्काउट गाइड, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के अधिकारी तथा महिला स्वसहायता समूह व सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि राज्य स्तरीय स्वीप कोर समिति की बैठक में उपस्थित थे।

अस्पताल परिसर में नारायण सेवा भोजन केन्द्र का शुभारंभ

❐ **मरीजों और उनके परिजनों को मिल रहा रियायती दरों पर पौष्टिक भोजन**

रायपुर (आरएनएस)। समाज -सेवी संस्था डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) के द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुडविल्स अस्पताल परिसर में मरीज़ों और उनके परिजनों के लिये नारायण सेवा भोजन केन्द्र की स्थापना की गयी है ,जहाँ उन्हें रियायत दरों पर अच्छी गुणवत्ता का पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। कल आयोजित इस केन्द्र के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) गुलाब कमरो और विशिष्ट अतिथि के रूप में यू. डी. मिंज , संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित थे।दोस्त संस्था के संस्थापक डॉ .सत्यजीत साहू ने इस अवसर पर बताया कि उनकी संस्था के द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में समाज के वंचित और गरीब वर्ग के लिये कई सेवा कार्य किए जा रहे हैं । नारायण सेवा भोजन केन्द्र का यह उपक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है । उन्होंने बताया कि इस केन्द्र में डाइटीशियन साक्षी सिंह के निर्देशन में मरीज़ों और उनके परिजनों को रियायती दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्य अतिथि गुलाब कमरो ने इस अवसर पर कहा कि समाज के सभी वर्गों के लिये संवेदनशील होकर कार्य करना ही बेहतर समाज का परिचायक है। गुडविल्स अस्पताल के परिसर में यह भोजन केन्द्र समाज सेवा भावना से प्रेरित डाक्टरों और उनकी टीम के सम्मिलित प्रयासों का नतीजा है ।विशिष्ट अतिथि संसदीय सचिव यू. डी .मिंज ने कहा कि मानव सेवा भावना सबको सीखनी चाहिए क्योंकि यही मानवीय संवेदना का सही स्वरूप है ।समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को मानव -सेवा के ऐसे कार्य । अपना दायित्व समझकर करना चाहिए। डॉ .सत्यजीत साहू की टीम इसी भावना से काम कर रही !है.

नारायण सेवा केन्द्र के प्रोजेक्ट के बारे में दोस्त संस्था के सुनील शर्मा ने बताया कि संस्था के सदस्यों के द्वारा दिए गए सहयोग से इसका संचालन किया जा रहा है ।सभी सदस्य अपने - अपने सामथ्र्य के अनुसार स्वप्रेरणा से सहयोग दे रहे हैं। सदस्यों के सहयोग से अभी तक एक हज़ार से ज़्यादा लोगों की नारायण सेवा की जा चुकी है। नारायण सेवा भोजन केन्द्र के प्रमुख सहयोगी न्यू जर्सी के सुमित त्रिपाठी सहित डॉ. संगीता कौशिक, चेतन साहू और विक्रांत तिवारी हैं ।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अस्पताल परिसर के सहयोगी डॉ. शुभम अवस्थी, दशमत बघेल और टी एस राजपूत ने किया । नारायण सेवा भोजन केंद्र में डाईटिशियन साक्षी सिंह के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के मरीज़ों के लिए आवश्यक पोषण युक्त पौष्टिक भोजन तैयार किया जाता है। इस सेवा कार्य में दोस्त संस्था के डॉ .गिरीश गौटिया, डॉ. मनीष साहू, डॉ. जितेंद्र चंद्राकर, डॉ . मुकेश वर्मा, डॉ. क़ुदसिया फ़ातिमा , डॉ . बुशरा खातुन , सिस्टर अनुपमा इक्का, सिस्टर भूमि , सिस्टर रिंकी, सिस्टर रमा और सिस्टर ममता का सक्रिय सहयोग दिया जा रहा है।

पद्म विभूषण तीजन बाई की सेहत खराब होने की सूचना पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

❐ **तत्काल डॉक्टरों की टीम तीजन बाई के घर पहुंची**

रायपुर (आरएनएस)। सोशल मीडिया पर मशहूर पंडवानी कलाकार पद्मविभूषण तीजन बाई जी की तबियत खराब होने की खबर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा तत्काल डाक्टरों की टीम तीजन बाई जी के ग्राम गनियारी स्थित निवास पर पहुंची और उनकी जांच की।

मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी जिला दुर्ग डॉ. जे पी मेश्राम ने बताया कि बीएमओ पाटन डॉ. आशीष शर्मा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चिकित्सा अधिकारी दल को निर्देशित किया। इसके बाद डॉक्टर भुवनेश्वर कठोतिया एवं नर्सिंग स्टाफ गुलशन खलखो ने अतिशीघ्र उनके निवास गनियारी में पहुंचकर उनकी जांच की। डॉ कठोतिया ने स्वास्थ्य जांच करने के बाद एवं उनके सेक्टर 9 हॉस्पिटल से पूर्व से चल रहे ईलाज,दवाओं आदि की जानकारी ली एवं उचित परामर्श दिया। उनके परिवार जन द्वारा उन्हें वर्तमान में घर में ही स्वास्थ्य लाभ लेने निवेदन किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीजन बाई जी का पूर्व से कोरोनरी आर्टरी डिसीज, हाइपरटेंशन,डायबिटीज ,स्ट्रोक विथ रेसीड्यूल पेरेसिस आदि का ईलाज चल रहा है। उनके सलाहकार चिकित्सक द्वारा सुझाई गई दवाईयां उनके द्वारा ली जा रही हैं।

एस्मा के खिलाफ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आक्रोशित सीएमएचओ को सौंपा सामूहिक इस्तीफा

बलौदाबाजार (आरएनएस)। अपनी मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्यकर्मी लगातार प्रदर्शन कर रहे थे. ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ता देख सरकार ने एस्मा लगा दिया, जिसके बाद कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अब भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं. इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिले के करीब 500 संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है।

बता दें कि, सरकार के एस्मा लगाए जाने के विरोध में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी उतर गए हैं. प्रदेश शासन के एस्मा लगाए जाने और जिला स्वास्थ्य अधिकारी से पत्र मिलने के बाद संविदा स्वास्थ्य कर्मियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी और कलेक्टर को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं इस्तीफा देने वाले संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि, दमनकारी नीति नहीं चलेगी. सरकार ने 2018 चुनाव से पहले जो वादा किया थे उसे पूरा करें. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हर्षलता जायसवाल ने बताया कि, सरकार ने एस्मा लगाया है, जिसके विरोध में जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपना सामूहिक इस्तीफा दिया है.

चक्रधरनगर पुलिस ने रायपुर में छिपे दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस ने किशोर बालिका से दुष्कर्म के आरोपी हिमाशु प्रधान पिता अरुण प्रधान उम्र लगभग 22 निवासी दीनदयाल कालोनी रायगढ़ को आज रायपुर के सुंदरनगर इलाके से गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट के तहत रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित युवती द्वारा थाना सुपेला जिला दुर्ग में आरोपी हिमाशु प्रधान के विरूद्ध दुष्कर्म की घटना को लेकर आवेदन दिया गया कि दिसंबर 2019 में आरोपी द्वारा उसे बहला फुसलाकर थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कालेज रोड़ जंगल में ले जाकर बलात संभोग किया। लोक लाज के भय से उस समय घटना किसी को नहीं बतायी, उसके बाद सोशल मीडिया के जरिये फिर से हिमाशु प्रधान संपर्क में आया और दोनों के बीच मेल मिलाप की घटना सभी को बताकर बदनाम कर देने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने लगा था। युवती के आवेदन पर सुपेला पुलिस पोक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर अपराध डायरी अग्रिम जांच के लिये चक्रधरनगर थाने भेजा गया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा 24 जून को असल अपराध कायम कर आरोपी की पतासाजी किया गया, आरोपी गिरफ्तारी के भय से लुक छिप रहा था। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा आरोपी की सूचना देने मुखबीर लगाकर सायबर सेल से आरोपी के मोबाइल डिटेल निकलवाये गये। बीते दिनों आरोपी के सुंदरनगर रायपुर में होने की जानकारी पर तत्काल टीआई चक्रधरनगर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस टीम तैयार कर रायपुर रवाना किया गया, जिनके द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे आज पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

मोटर सायकल पर नशीली सिरप परिवहन करते पकड़ा गया आरोपी

❐ **आरोपी से प्रतिबंधित कोडीन फास्फेट सिरप की 12 बॉटल व बाइक जब्त**

❐ **पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाई**

रायगढ़। जिले में पुलिस की मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर पूंजीपथरा पुलिस लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही कर रही है। थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा क्षेत्र में मुखबिर तंत्र सुदृढ़ कर मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर सूचना देने मुखबीर सक्रिय किया गया है। इसी क्रम में कल रात्रि टीआई पूंजीपथरा को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति घरघोड़ा मार्ग से होते हुए ग्राम छर्राटांगर, डोकरबुडा की ओर काले रंग की सोल्ड होंडा साइन बाइक पर नशेली सिरप अवैध रूप से बेचने के लिये लेकर निकला है। थाना प्रभारी द्वारा थाने से सहायक उपनिरीक्षक जयराम सिदार के हमराह स्टाफ को कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पूंजीपथरा पुलिस ने छर्राटांगर बाजारपारा के पास संदेही को नशेली सिरप के साथ घेराबंदी कर धरदबोचा गया।

चालक अपना डमरूधर डनसेना पिता स्व. राम प्रसाद डनसेना उम्र 43 वर्ष निवासी डोकरबुडा बताया , जिसे सिरप रखने के संबंध में पुलिस अधिकारी ने धारा 91 सीआरपीसी का नोटिस दिया जिसका डमरूधर कोई जवाब नहीं दे पाया जिसके कब्जे से 100ml वाली 12 प्रतिबंधित कोडीन फास्फेट सिरप ONEREX कीमती रु.1,800 का जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी से नशीली सिरप और सोल्ड मोटरसाइकिल की विधिवत जपती कर आरोपी के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में 22(C) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। टीआई हर्षवर्धन सिंह बैस के साथ रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, आरक्षक कमलेश निराला और चन्द्रशेखर चन्द्राकर शामिल थे।

आठ साल बाद बिटिया ने सुनी मां की आवाज, एम्स में हुआ सफल कॉक्लियर इंप्लांट

❐ **भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री के सामने परिवार ने रखी थी तकलीफ**

रायपुर (आरएनएस)। एक मां के लिए इससे बड़ी दुख की बात क्या हो सकती है कि पिछले 8 सालों से उसकी बेटी ने उसकी आवाज ही नहीं सुनी और शायद उस मां का यह दुख जीवन भर बना रहता, यदि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात के दौरान कोरिया ना आते और परिवार अपने मुखिया के सामने अपना दुख साझा न कर पाते। इसी का परिणाम हुआ कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्षा की

कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी हुई और आज वर्षा अपनी मां और दुनिया की हर आवाज को सुन सकती है और उसे महसूस कर सकती है।

भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री के सामने परिवार ने रखी थी तकलीफ दरअसल 8 साल की वर्षा को बचपन से ही सुनने और बोलने की तकलीफ थी, जिससे उसे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वर्षा के परिवार ने उसका बहुत इलाज कराया, लेकिन तकलीफ दूर नहीं हुई।

कोरिया में भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बघेल के सामने परिवार ने अपनी बात रखी और आग्रह किया कि बेटी के इलाज में सहयोग करें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्षा के इलाज में पूरी सहायता करें। वर्षा के पिता मुकेश मिश्रा ने बताया कि वर्षा को प्रशासन के सहयोग से रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया और कुशल चिकित्सकों के द्वारा वर्षा की सफल कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की गई। पिता मिश्रा बताते है कि वर्षा अब सुनने लगी है और आवाज सुनकर प्रतिक्रिया दे रही है। अब वह धीरे-धीरे बोलना भी सीख रही है। वर्षा के माता-पिता और परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बहुत संवेदनशील है और आज उनके सहयोग से ही वर्षा को नया जीवन मिला है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU